पत्रांकः—14 / एम7—13 / 2023 (अंश) -2463

**बिहार सरकार**

**उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग**

प्रेषक,

**डॉ0 (प्रो0) रेखा कुमारी,**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
राज्य के सभी विश्वविद्यालय, बिहार।

पटना, दिनांक—27/12/2023

**विषयः—** **दिनांक 10 फरवरी 2024 से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित "सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम" (Mass Drug Administration) में सहयोग के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति पटना, बिहार, द्वारा प्रेषित पत्र द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2024 से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित " सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम" (Mass Drug Administration) में सहयोग के संबंध में सहयोग की अपेक्षा की गयी है।

पत्र की प्रति संलग्न करते हुये अनुरोध है कि इस कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय के स्तर पर एक नोडल पदाधिकारी बनाने एवं सभी महाविद्यालयों में नोडल पदाधिकारी के माध्यम से समन्वय स्थापित कर दिनांक 10 फरवरी 2024 से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित "सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम" (Mass Drug Administration) में अपर निदेशक—सह—राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया, पटना, बिहार को सहयोग प्रदान करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

27.12.23

**(रेखा कुमारी)**
निदेशक, उच्च शिक्षा

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

पत्रांक 632/

प्रेषक,

सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक,
राज्य स्वास्थ्य समिति
पटना, बिहार

पटना, दि०- 11/12/23

सेवा में,

प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार
सचिव , खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार
सचिव समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार
सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (महा दलित विकास मिशन), बिहार सरकार
सचिव ग्रामीण विकास ,विभाग बिहार सरकार
सचिव शिक्षा विभाग , बिहार सरकार
सचिव शहरी विकास और आवास विभाग, बिहार
सचिव ग्रामीण विकास विभाग , बिहार सरकार
सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग , बिहार सरकार
सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, पटना बिहार सरकार
सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग , बिहार सरकार
सचिव कृषि विभाग, बिहार सरकार
सचिव पशु एवं मत्स्य संशाधन विभाग ,बिहार सरकार
सचिव कला संस्कृति और युवा विभाग , बिहार सरकार
अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग , बिहार सरकार
मुख्य कार्यकारी अधिकारी , जीविका बिहार सरकार
महानिदेशक, बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक परियोजना, पटना बिहार
निदेशक Mid-Day Meal
निदेशक माध्यमिक शिक्षा सह विशेष सचिव, पटना बिहार
निदेशक प्रायमिक शिक्षा
निदेशक उच्च शिक्षा
निदेशक , NCC cadet core , बिहार सरकार
उप सचिव राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद उद्योग विभाग
[illegible] निदेशक, MSME उद्योग विभाग
क्षेत्रीय निदेशक ,रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया , बिहार सरकार
क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, बिहार, पटना
प्रेसिडेंट, Indian Medical Association ,बिहार
[illegible]
निदेशक बिहार चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज , बिहार सरकार
महानिरीक्षक , कारा चिकित्सा विभाग , गृह विभाग बिहार सरकार
निदेशक समाज कल्याण विभाग (ICDS), बिहार सरकार
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, ASHA resource Centre बिहार सरकार
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, NCD सेल बिहार सरकार
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, RI – सेल बिहार सरकार
राज्य प्रतिनिधि नेहरु युवा केंद्र बिहार सरकार
राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, NUHM बिहार सरकार
DRM, East Central Railway
नगर आयुक्त/नगर निगम/नगर परिषद्/नगर पंचायत (बाँका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुँगेर, सहरसा, सिवान, सुपौल, पश्चिमी चंपारण, सितामढ़ी, अरवल, औरंगाबाद, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, सारण, शेखपुरा, शिवहर, वैशाली)

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

विषय : 10 फरवरी 2024 से आयोजित किए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (MDA) में संबन्धित विभागों के सहयोग के संबंध में ।

महाशय,

अवगत करना चाहेंगे की फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु सरकार हर वर्ष सर्व जन दवा सेवन कार्यक्रम (MDA) का आयोजन करती है, जिसके अंतर्गत सभी लोगो को (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चो, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाती है। इस बार यह अभियान वर्ष 2024 में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का प्रथम चक्र दिनांक 10 फरवरी 2024 से 24 जिलों यथा बाँका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगडिया, मुँगेर, सहरसा, सिवान, सुपौल, पश्चिमी चंपारण, सितामढ़ी, अरवल, औरंगाबाद, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, सारण, शेखपुरा, शिवहर, वैशाली जिलो में चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर -घर जाकर सभी पात्र लोगों को दवा खिलाएँगे।

प्राय: देखा गया है की जागरूकता के अभाव में लोग दवा का सेवन नहीं करते है, अतः इस संबंध मे लोगो को जागरूक किया जाना अति आवश्यक है, ताकी लोग इस दवा का सेवन करें और फाइलेरिया से होने वाली बीमारी ( हाथी पाँव एवं हायड्रोसिल) से बचाव कर सके। आपका विभाग इस संबंध में निम्न गतिविधियां कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**पंचायती राज विभाग से अपेक्षाएँ :**

- मुखिया जी अपने पंचायत मे मुनादी एवं PA सिस्टम के द्वारा लोगो को 10 फरवरी से शुरू होनेवाले एम0डी0ए0 अभियान के बारे मे सूचना दिलवाएँ।
- समुदाय को जागरूक करने को ग्राम/पंचायत स्तर पर ग्राम सभा/आम सभा का आयोजन कर एम0डी0ए0–आई0डी0ए0 का प्रचार प्रसार करें।
- MDA के बारे में लोगों को जागरूक करने हेतु दीवार लेखन करा सकते हैं।
- 10 फरवरी को स्वयं दवा खाकर अभियान का उदघाटन करें।
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (आशा एवं वॉलिन्टियर) को सहयोग भी करेगें।
- राज्य स्तर से Virtual Meeting प्रशिक्षण का आयोजन कर DPRO, BDO एवं PRI Members (मुखिया) को MDA Round के बारे में sensitize करें।

**महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग**

- सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं महिला पर्यवेक्षिका का सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (MDA) का प्रशिक्षण किया जाय।
- अपने पोषण क्षेत्र में फ़ाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करें एवं दवा खाने हेतु प्रेरित करें।
- सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम पर समुदायों के साथ बैठक करें।
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में Drug Administrator, (आशा एवं वालंटियर) को सहयोग करें।

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014.
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

- शहरी क्षेत्र में दलकर्मी के रूप में कार्य करना।
- एमडीए बूथ के लिए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को निश्चित स्थल के रूप में चिन्हित करना।
- एम.डी.ए के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बूथ लगाने में Drug Administrator (आशा, एवं वालंटियर) को सहयोग करना|
- नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में हाथीपॉव और हाइड्रोसील के मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराना।
- एमडीए के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा लेने के लिए प्रेरित करना।

**शिक्षा विभाग से अपेक्षाएँ:**

- जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निदेशक माध्यमिक शिक्षा सह विशेष सचिव की अध्यक्स्ता मे स्वास्थ्य विभाग, WHO, Piramal Foundation एवं PCI (Social Mobilization) के द्वारा 1 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाए।
- समस्त स्कूलों में 10 फरवरी से पहले एक दिन सुनिश्चित कर फाइलेरिया कक्षा का आयोजन किया जाये जिसमें सभी बच्चों को फाइलेरिया बीमारी एवं इसके बचाव हेतु दवा खाने के बारे में प्रोत्साहित किया जाये|
- बच्चो के कॉपी पर एम0डी0ए0 की दवा खाने हेतु संदेश दिया जाय एवं अभिभावक से हस्ताक्षर कर स्कूल में जमा कराया जाय।
- स्कूलों में बच्चों से निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई जा सकती है|
- नोटिस बोर्ड पर अभियान की तारीख लिखी जा सकती है ताकि बच्चों को याद रहे|
- एम.डी.ए के लिए स्कूलों में बूथ लगाने में Drug Administrator (आशा, एवं वालंटियर) को सहयोग करना|

**बिहार ग्रामीण जीविका मिशन से अपेक्षाएँ :**

- सभी सीएलएफ़ की मीटिंग मे फाइलेरिया बीमारी एवं एम.डी.ए कार्यक्रम पर चर्चा हो|
- सभी एसएचजी की मीटिंग मे सीएम फाइलेरिया बीमारी एवं एम.डी.ए कार्यक्रम पर चर्चा करें|
- स्वयं सहायता समुह के सभी सदस्य अपने घर से 5 घर बायें एवं 5 घर दायें फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का कार्य करे ऐसा संकल्प ले।
- सभी एसएचजी मे किसी एक दिन अभियान चलाकर दवा खिलाई जा सकती है
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में ड्रग एडमिन्सट्रेटर (आशा एवं वॉलिन्टियर) को सहयोग भी करेगें।
- एम0डी0ए0 अभियान के दूसरे और तीसरे दिन (11 एवं 12 फरवरी 2024) जीविका के समूह के सभी दीदीयों को अपने नजदीकी बूथ पर जाकर स्वय एवं अपने परिवार के सभी योग्य लाभुकों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन करना सुनिश्चित करेगें एवं इसका प्रतिवेदन अपने प्रखंड एवं जिला कार्यालय को जमा करें।
- DPM एवं BPM को एम0डी0ए0 कार्यक्रम एवं Social Mobilization हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण/बैठक का आयोजन किया जाये।

**अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (महा दलित विकास मिशन), बिहार सरकार**

- विकास मित्र महादलित टोले में एम0डी0ए0 कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करें एवं लोगों को दवा खाने हेतु प्रेरित करें।
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में ड्रग एडमिन्सट्रेटर (आशा एवं वॉलिन्टियर) को सहयोग भी करेगें।

**नगर निगम/नगर परिषद्/नगर पंचायत से अपेक्षाएँ :**

- शहरी क्षेत्रों में फाईलेरिया (एम0डी0ए0) का प्रचार प्रसार सी0आर0पी0 के माध्यम से करेंगे एवं कचरा गाड़ी से माइकिंग भी किया जाये।
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (आशा एवं वालंटियर) को सहयोग भी करें।

**निदेशक मिड-डे मिल से अपेक्षाएँ :**

- शुरू के तीन दिनों में विभिन्न विद्यालयों में एम0डी0ए0 कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बूथ लगाना सुनिश्चित किया जाय। चूँकि लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवायें भोजनोपरान्त दिया जाता है, अतः जिले के स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये प्रस्तावित बूथ दिवसों पर विभिन्न विद्यालयों पर दवा का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाय।

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से अपेक्षाएँ :**

- पीडीएस डीलर राशन वितरण के दिन अपनी दुकान पर फाइलेरिया का पोस्टर लगाएँ|
- राशन वितरण से पूर्व सभी लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु एम.डी.ए कार्यक्रम में दवा खाने के फायदे बताकर उनको दवा खाने हेतु प्रेरित किया जाए|
- अगर कोई दवा सेवन नहीं करता है तो उसको समझाकर दवा खिलाना सुनिश्चित करें|

**शहरी विकास और आवास विभाग, से अपेक्षाएँ**

- एम.डी.ए के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा लेने के लिए प्रेरित करना।
- सभी वार्ड कार्यालयों को बूथ चिन्हित कर जनता को दवाई लेने के लिए प्रेरित करने के लिए वार्ड सदस्य को निर्देश देना।
- नगर प्रबंधक के माध्यम से निर्धारित बूथों पर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन सुनिश्चित करें।
- विभागीय समन्वय के सहयोग से आवासीय क्षेत्र एवं फ्लैट में दवाएं खिलवाना सुनिश्चित करना।

- शहरी स्लम में बूथों के माध्यम से फाइलेरिया रोधी दवाओं को लाभुकों को खिलाना सुनिश्चित करना।
- एम.डी.ए के दौरान कचरा गाड़ी के द्वारा फ़ाइलेरिया के बारे में प्रचार -प्रसार|
- स्वच्छता वाहन के माध्यम से एमडीए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से संबंधित ऑडियो प्रचार कार्य।
- 10 फरवरी से दवा खिलाने में ड्रग एडमिन्सट्रेटर (आशा एवं वॉलिन्टियर) को सहयोग भी करेगे।

**कृषि विभाग, और पशुपालन**

- विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए प्रेरित करना|
- एम.डी.ए कार्यक्रम के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए प्रेरित करना।
- विभागीय कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें समुदाय के लिए एम.डी.ए कार्यक्रम के महत्त्व से अवगत कराना और उन्हें एम.डी.ए के दौरान दवाएं लेने के लिए प्रेरित करना।
- किसान सभा में फाइलेरिया से संबंधित जानकारी देना और एमडीए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए प्रेरित करना|
- किसान मित्र, मत्स्य मित्र और पशु मित्र एम.डी.ए कार्यक्रम के महत्त्व के बारे में जनता को जागरूक करें और उन्हें दवा लेने के लिए प्रेरित करें|

**जल संसाधन विभाग:**

- विभाग के सभी कर्मचारियों को एम.डी.ए के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खानी चाहिए और परिवार के साथ-साथ समाज में दूसरों को भी प्रेरित करना।
- समुदाय के लोगों को गांव में समूह बैठक के माध्यम से दवा सेवन के महत्त्व के बारे में जागरूक करना और फाइलेरिया रोधी दवा खाने में उनकी मदद करने के लिए स्वयंसेवकों को निर्देशित करना।

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग**

- फ़ाइलेरिया कार्यक्रम के प्रचार में सहयोग, एनआईसी से एम.डी.ए के बारे में प्रचार -प्रसार|
- सिनेमाघर में एम.डी.ए कार्यक्रम व फ़ाइलेरिया बीमारी से संबंधित जानकारी के बारे में प्रचार- प्रसार|
- दूरदर्शन केंद्र और रेडियो से एम.डी.ए व फ़ाइलेरिया बीमारी से संबंधित जानकारी के बारे में प्रचार- प्रसार|

**इमारत शरिया से अपेक्षाएँ:**

- फ़ाइलेरिया बीमारी से संबंधित जानकारी व एम.डी.ए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाने हेतु प्रेरित करने के लिए मस्जिद से प्रचार-प्रसार|

- विभाग के सभी कर्मचारियों को एम.डी.ए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खानी चाहिए और परिवार के साथ-साथ समाज में दूसरों को भी प्रेरित करें।

**IMA** (Indian Medical Association) **से अपेक्षाएँ:**

- फ़ाइलेरिया बीमारी से संबंधित जानकारी व एम.डी.ए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए लोगो को प्रेरित करें|
- अपने रोगियों के पुर्जे पर एम.डी.ए कार्यक्रम के शुरु होने के तिथि के बारे में लिख कर जानकारी देना|

**बैंक (सरकारी एवं गैरसरकारी) से अपेक्षाएँ:**

- विभाग के सभी कर्मचारियों को एम.डी.ए कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खानी चाहिए और परिवार के साथ-साथ समाज में दूसरों को भी प्रेरित करें।

**उपर्युक्त सभी विभाग से अपेक्षाएँ:**

- विभाग के सभी कर्मचारियों को एम.डी.ए के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खानी चाहिए और परिवार के साथ-साथ समाज में दूसरों को भी प्रेरित करना।
- 10 फरवरी से शुरू होने वाले एम.डी.ए कार्यक्रम के अंतर्गत खुद दवा का सेवन करें और स्वास्थ्य कर्मी को दवा खिलने में सहयोग करें।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत WHO, Piramal Founation, PCI संस्था के पदाधिकारी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उपरोक्त सभी विभागो से संपर्क करेंगे तथा सहयोग लेने हेतु विभाग के साथ रणनीति तैयार करने मे सहयोग करेंगे।

अतः निवेदन है की अपने माध्यम से अपने अधीनस्थ जिला स्तरीय अधिकारी को इस अभियान मे सहयोग करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाये ।

विश्वासभाजन

11/1/2?

(संजय कुमार सिंह)

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

ज्ञापांक: 632 पटना, दिनांक 11/12/23

प्रतिलिपि:

- अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक प्रमुख, रोग नियंत्रण (लोक स्वास्थ्य, पारा मेडिकल) स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
- संबंधित क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
- Regional office for health and family welfare, Govt. of India को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
- निदेशक, NCVBDC, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।
- अपर निदेशक, NCVBDC, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।
- संयुक्त निदेशक NCVBDC, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।
- संबंधित अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
- संबंधित भेक्टर बौर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
- डॉ0 राजेश पाण्डेय, राज्य समन्यवक, WHO-NTDs को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- Bikas Sinha,Team Lead, Piramal Swasthya को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- श्री अनुज घोष, प्रतिनिधि, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- श्री रजनीकांत सिंह, राज्य समन्वयक, Lepra India को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- Basab Rooj, State Program Manager, Piramal Swasthya को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- Ranvijay Singh, State Co-ordinator, CFAR को सूचनार्थ प्रेषित।
- डॉ0 पंखुरी मिश्रा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, PCI को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- श्री अमरेश कुमार, कनिष्ठ राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, PCI को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।
- All WHO Zonal Coordinator WHO-Ntds को सूचनार्थ प्रेषित।
- डॉ0 अनुज सिंह रावत, राज्य सलाहकार, फाईलेरिया को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव स्वास्थ्य सह
कार्यपालक निदेशक,
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना।

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org